तापमान
अधिकतम 36 डिग्री
न्यूनतम 28 डिग्री

# हरिभूमि धमतरी भूमि

रायपुर, गुरुवार, 12 जून 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

13 नपं कुरुद में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी



14 रूद्री-गंगरेल व सोरम-भटगांव मार्ग का होगा चौड़ीकरण...




## NEET/JEE के लिए भिलाई सुपर 30 में प्रवेश प्रारंभ-आनंद कुमार

जो छात्र NEET व JEE की तैयारी करना चाहते है उनके लिए एक सुनहरा अवसर है कि सुपर 30 भिलाई में नामांकन टेस्ट प्रारंभ हो गया है। इसमें 30 छात्रों को निःशुल्क NEET व JEE की तैयारी करवाया जाएगा, जिसका चयन प्रक्रिया ऑनलाईन व ऑफ लाइन परिक्षा के माध्यम से होगा। 30 चयनित छात्रों को आनंद कुमार के मार्गदर्शन में NEET व JEE का तैयारी करवाया जाएगा इसमें IITians डॉक्टर व एक्सपर्ट शिक्षकों के द्वारा पढ़ाया जाएगा, जिसमें 6 घंटो का क्लास प्रत्येक रविवार को NEET व JEE पर आधारित टेस्ट लिया जाएगा।

दिसंबर से सप्ताह में 3 टेस्ट व अप्रैल में प्रत्येक दिन टेस्ट लिया जाएगा। पिछले वर्ष 30 छात्रों में से 16 छात्रों का चयन हुआ, इस वर्ष 22 से अधिक छात्रों का चयनित होने की संभावना है। यह संस्था पूरे



भारतवर्ष में एकलौती संस्था है। एक नही तीन बार शत प्रतिशत छात्र चयनित हुए है। इसमें सभी वर्ग के लोग आवेदन कर सकते है। यह परिक्षा 12 व 13 जून को ऑनलाईन व ऑफलाइन होगा व परिणाम 14 जून को घोषित होगा।

इस तैयारी का मुख्य उद्देश्य ऐसे छात्रो का चयन करवाना है जो पैसो के आभाव में डॉक्टर व इंजीनियर बनने का अपना सपना पूरा नही कर पाते। यह एक समाजिक पहल है, जो छत्तीसगढ़ वासियों के लिए वरदान साबित होगा, क्योंकि सुपर 30 से कई बार पूरे के पूरे छात्र चयनित हुए है। अब आनंद सर के मार्गदर्शन से छत्तीसगढ़ वासियों को यह सुविधा मिल रहा है **अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नं. 9243226707, 9202581591, 7415295273 पर संपर्क कर सकते हैं।**

ADVT.


## खबर संक्षेप

### एडीईओ की परीक्षा 15 को

**धमतरी।** व्यापमं व्दारा रविवार 15 जून को धमतरी जिले में सहायक विकास विस्तार अधिकारी भर्ती परीक्षा (एडीईओ) एक पॉली में प्रातः 10 से 12:15 बजे तक 38 केन्द्रों में होगी। परीक्षा में कुल 10340 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के लिए डॉ.विनोद पाठक समन्वयक एवं अपर कलेक्टर पवनकुमार प्रेमी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। परीक्षा संचालन के लिए समन्वयक केन्द्र पीजी महाविद्यालय धमतरी एवं जिला नोडल अधिकारी व्दारा पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए है। इसके अलावा जिला प्रशासन व्दारा उड़नदस्ता दल का भी गठन किया गया है। शांति व्यवस्था बनाए रखने पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की गई है।

- 38 केन्द्रों में शामिल होंगे 10340 परीक्षार्थी

### प्रशिक्षण के लिए काउंसिलिंग 13 को

धमतरी। जल जीवन मिशन के तहत पंचायतों द्वारा चिन्हित पात्र युवाओं को नलजल मित्र के तहत बहु कौशल प्रशिक्षण के लिए जल वितरण संचालक कोर्स में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए 13 जून को सुबह 10 बजे से लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में काउंसिलिंग सह पंजीयन होगा। कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज अबिनाश मिश्रा ने सभी जनपद पंचायतों के सीईओ को निर्देशित किया है कि वे अपने जनपद क्षेत्र से पंचायतों में नल जल मित्र कार्यक्रम के तहत चिन्हित पात्र ऐसे युवा, जिनका प्रशिक्षण नहीं हुआ है, उन्हें इस काउंसिलिंग सह पंजीयन के लिए उपस्थित कराना सुनिश्चित करें।

### करंट से महिला की मौत

**नगरी।** मंगलवार की रात्रि लगभग 10 बजे वार्ड क्रमांक 4 निवासी गीता यादव पति मुरारी लाल यादव 55 वर्ष की कूलर की बॉडी में आ रहे करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार गीता यादव मंगलवार की रात्रि सोने के लिए अपने कमरे में गई। गर्मी से राहत पाने उसने कूलर को चालू किया। कूलर में करंट प्रवाहित हो रहा था। कूलर को छूते ही वह जमीन पर गिर गई। आवाज सुनकर घर के अन्य लोग दौड़ते हुए कमरे में आए। घरवाले महिला को इलाज के लिए अस्पताल ले गए जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। नगरी पुलिस मामले की विवेचना जांच जुट गई है। परिजनों ने शासन-प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

### इस साल औसत से ज्यादा बारिश के आसार, संवेदनशील क्षेत्रों पर रहेगी नजर

# बाढ़ बचाव की तैयारी पूरी, भारतीय सेना की टीम ने भी लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

इस साल औसत से ज्यादा बारिश के आसार है। बाढ़ जैसी स्थिति से निबटने के लिए भरपूर तैयारी चल रही है। आर्मी की टीम ने भी जिले में बाढ़ नियंत्रण के उपायों का जायजा लिया। बाढ़ संभावित क्षेत्रों का निरीक्षण भी किया। उधर नगर सेना की टीम भी पूरी तरह से मुस्तैद है।

बारिश का सिलसिला मई माह से शुरू हो गया है। अभी जिले में मानसून सक्रिय भी नहीं हुआ है और छिटपुट बारिश हो रही है। उधर मौसम विभाग ने भी इस साल 106 प्रतिशत से ज्यादा बारिश होने का पूर्वानुमान जारी किया है। इन सब स्थितियों को देखते हुए बाढ़ नियंत्रण के लिए नगर सेना मुस्तैदी से तैयार है। विगत दिनों गंगरेल बांध में बाढ़ जैसी स्थितियों से निबटने के लिए मॉक ड्रिल भी किया गया। इस दौरान बोट, लाइफ जैकेट सहित अन्य संसाधनों की चेकिंग की गई। उल्लेखनीय है कि जिले में महानदी सहित खारून, सोंढूर, पैरी, बाल्का सहित करीब 6 नदियां बहती हैं जिसकी सरहद में 100 से ज्यादा गांव आते हैं। इसमें से कई गांव तो बाढ़ को लेकर संवेदनशील है। महानदी जिले की मुख्य नदी है, इसके किनारे बसे गांवों में बाढ़ का ज्यादा खतरा रहता है। बाढ़ के मामले में वनांचल ब्लाक नगरी सबसे ज्यादा प्रभावित होता है। इसके चलते संवेदनशील गांवों में विशेष सतर्कता भी बरती जा रही है। इसके अतिरिक्त जो गांव बारिश से कट जाते हैं, वहां पर बारिश के लिए राशन भी डंप कर लिया गया है।



#### गंगरेल बांध का किया मुआयना

विपरीत परिस्थितियों में सेना का बचाव दल मोर्चा सम्हालता है। हर साल सेना की टीम बाढ़ बचाव के उपायों का जायजा लेती है एवं बाढ़ बचाव के टिप्स भी देती है। बुधवार को आर्मी की टीम ने जिले में बाढ़ बचाव, नियंत्रण की तैयारियों का जायजा लिया। टीम में सेना के मेजर सहित अन्य जवान शामिल थे। उन्होंने बाढ़ बचाव का संसाधन तो देखा ही साथ ही गंगरेल बांध का भी मुआयना किया। बाढ़ नियंत्रण कक्ष का फोन नम्बर भी नोट किया ताकि वे विपरीत स्थिति में नियंत्रण कक्ष से संपर्क कर वे बचाव अभियान को गति दे सकें।

#### नगर सेना भी मुस्तैद

बाढ़ से बचाव के लिए नगर सेना भी पूरी तरह से तैयार है। होमगार्ड जिला सेनानी शोभा ठाकुर ने बताया कि बाढ़ बचाव के लिए तीन बोट उपलब्ध हैं। इसमें से दो 8-8 सीटर बोट है, जबकि एक 22 सीटर बोट है। वन विभाग से ट्रक मिलने का इंतजार है। इसके बाद ट्रक में 22 सीटर बोट को लोड करके खड़ा कर दिया जाएगा, ताकि बाढ़ जैसी स्थिति पर तत्काल ही बोट को मौके पर पहुंचाया जा सके। 20 गोताखोर जवानों की लाइन में रिजर्व ड्यूटी लगाई गई है। 1 जून से बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की जा चुकी है, जहां पर नगर सेना के तीन जवानों की ड्यूटी लगाई गई है। लाइफ जैकेट, डोर, लाइट, वुड कटर सहित अन्य उपकरण भी तैयार हैं।

## बाइक फिसली, युवती सहित दो युवक घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- मरादेव के पास हुआ हादसा

बर्थ डे मनाकर वापस लौटते समय बाइक गंगरेल मोड़ में ग्राम मरादेव के पास स्लीप हो गई। इस घटना में बाइक में सवार दो युवक व एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को जन्मेजय नेताम उम्र 30 वर्ष ग्राम बरकोन्हा थाना केरेगांव निवासी, गणेश्वर मरकाम ग्राम कोर्रा निवासी व एक युवती बाइक में सवार होकर जन्मदिन मनाने गंगरेल गए थे। जहां बर्थ डे सेलिब्रेट करने के बाद तीनों बाइक में तेज गति से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम मरादेव के पास मगरमच्छ स्टेच्यू टर्निंग के पास गति अधिक होने के कारण चालक ने बाइक को संभाल नहीं पाया। हाईस्पीड बाइक स्लीप होकर सड़क किनारे उतर गई। इस घटना में बाइक सवार दोनों युवक व युवती गंभीर रूप से घायल हो गए। पप्पू साहू की सूचना पर रक्तदान संस्था के शिवा प्रधान, सोनू साहू व होमलाल साहू तत्काल घटनास्थल पहुंचे और तीनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद वार्ड में भर्ती कर घायल युवकों का उपचार किया जा रहा है। वहीं घटना में घायल युवती की गंभीर हालत को देखते हुए उसे रिफर कर दिया गया है।

## उद्यमियों को मिलेगी फूड पार्क में व्यवसाय करने के लिए जगह



- श्यामतराई में 9 हेक्टेयर जमीन पर लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं फूड पार्क तैयार किया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सीएसआईडीसी द्वारा श्यामतराई में फूड पार्क एवं लघु वनोपज प्रसंस्करण का काम तेजी से चल रहा है। इस फूड पार्क में सड़क, नाली, बिजली आदि का काम पूरा हो गया है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने फूड पार्क पहुंचकर कार्यों का निरीक्षण किया एवं बचे हुए काम को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

विदित हो कि श्यामतराई में लगभग 9 हेक्टेयर जमीन पर लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं फूड पार्क की स्थापना की जा रही है। यहां जगह आवंटित कर हितग्राही द्वारा औद्योगिक इकाईयों की स्थापना की जाएगी। फैक्ट्री के लिए पानी की भरपूर आवश्यकता होती है। सबमर्सिबल पंप की सहायजा से फैक्ट्रियों को पानी दिया जाएगा। इसके लिए पूरे फूड पार्क में पाइपलाइन बिछाई जा रही है। बता दे कि यह फूड पार्क 4.63 करोड़ रूपए की लागत से विकसित होगा जहां हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। कलेक्टर के निर्देश पर निर्माण एजेंसी एक माह में काम पूरा कर लेगी। उद्यमियों को फूड पार्क में फैक्ट्री व औद्योगिक इकाईयां स्थापित करने के लिए शासन द्वारा निर्धारित नियम एवं कीमतों पर जमीन दी जाएगी जहां पात्र उद्यमी अपनी प्रोक्डक्शन यूनिट लगा सकेंगे। उत्पादित सामग्री के लिए बाजार शासन द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। इससे अंचल के हजारों बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा।

## कबीर का जीवन हमेशा प्रासंगिक रहेगा

- मानिकपुरी पनिका समाज ने चौका आरती, कलशयात्रा निकालकर मनाई कबीर जयंती
- सुबह हुआ भजन-कीर्तन, शाम को निकली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मानिकपुरी पनिका समाज शहर शाखा ने बुधवार को कबीर जयंती के अवसर पर महावर धर्मशाला में सामूहिक रूप से कबीर प्राकट्य महोत्सव धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम सुबह 9 बजे से देर रात तक चला। सुबह कबीर भजन-कीर्तन के बाद महावर धर्मशाला से सिहावा चौक तक कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें समाज की महिलाओं ने ड्रेस कोड में सिर में कलश लेकर शहर का भ्रमण किया।

समाज के वरिष्ठों के आतिथ्य में महावर धर्मशाला में मंचीय कार्यक्रम हुआ। समाजसेवी, मेधावी छात्र छात्राओं व अन्य उपलब्धियों पर वरिष्ठों ने समाज के लोगों को सम्मानित किया। मंचीय कार्यक्रम में वरिष्ठों ने कबीर की जीवनी पर प्रसंग डालते हुए कहा कि कबीरदास 15वीं सदी के भारतीय रहस्यवादी कवि, संत थे। उनका जन्म कांशी में हुआ था।




कबीरजी अंधविश्वास, व्यक्ति पूजा, पाखंड और ढोंग के विरोधी थे। उन्होंने जाति भेदभाव के बंधन को तोड़ने का काम किया। कबीर ऐसे संत थे जिन्हें हिन्दू, मुस्लिम, सिख सभी धर्म के लोग सम्मान करते थे। कबीरजी ने भक्ति आंदोलन के माध्यम से धार्मिक और सामाजिक रीति रिवाजों को चुनौती दी। उनकी रचनाएं लोकप्रिय थीं। उन्होंने अपनी कविता में समानता, प्रेम और निराकार ईश्वर की उपासना पर जोर दिया। कबीर जी जीवन पर्यंत ज्ञान प्राप्त करते रहे और लोगों में बांटते रहे। उन्होंने निरर्थक और अनैतिक प्रथाओं पर सवाल उठाया। गलत प्रथाओं का पुरजोर विरोध किया, इसलिए उनकी प्रसिद्धि विश्वविख्यात रही। अनुयायियों की संख्या बढ़ती गई।



मंचीय कार्यक्रम पश्चात दोपहर को भोजन प्रसादी का कार्यक्रम हुआ जिसमें सभी ने प्रसादी ग्रहण किया। शाम 6 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली गई। आतिशबाजी और डीजे की धुन पर कबीरजी की आदमकद प्रतिमा को रथ में सवार करके घड़ी चौक से रामबाग, बिलाईमाता मंदिर तक शोभायात्रा निकाली गई जिसमें सभी समाजजन और गणमान्य नागरिक के अलावा कबीर के अनुयायी शामिल रहे। इससे पूर्व घड़ी चौक में कबीरजी की सामूहिक आरती हुई। रास्ते में कबीर भजन की सुमधुर प्रस्तुति होती रही। शहर के मुख्य मार्ग में शोभायात्रा का फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया। देर रात मां विंध्यवासिनी मंदिर के पास पहुंचकर शोभायात्रा का समापन हुआ।

इस अवसर पर समाज के तिलक दास, भगवान दास, गणपति दास, वामन दास, रमेश दास, जीवन दास, कुमुद दास, सुकृत दास, भेदु दास, वरूण दास, अशोक दास, संतोष दास, जतिन दास, आकाश दास, गौरव दास, अजय दास, शंकर दास, संतोष दास, प्रदीप दास, लक्की दास, विकास दास, दिनेश दास, हर्ष दास, संतदास, विनय दास, निर्मल दास, सागर दास, रवि दास सहित सभी समाजजन उपस्थित थे।

### खरीफ सीजन के धान की नीलामी का असर, रबी के धान को भाव नहीं

# दस साल पुरानी स्थिति में पहुंचा धान का मूल्य

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धान का मूल्य करीब 10 साल पुरानी स्थिति पर पहुंच गया है। कोचिए तो गांवों में 1600 रूपए में धान खरीदी कर रहे हैं। वहीं व्यापारी 1700 रुपए क्विंटल में भी लेने को तैयार नहीं है। कई किसान ने तो अभी धान की मिंजाई की है। वे धान को कम मूल्य पर पर बेचने को मजबूर हैं।

सरकार समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी करती है। समर्थन मूल्य पर धान की कीमत 31 हजार रुपए प्रति क्विंटल रहती है। समर्थन मूल्य पर ज्यादा धान की खरीदी होने के कारण इस धान को व्यापारियों को बेचा जा रहा है। सूखा और ठीक ठाक क्वालिटी का धान व्यापारियों को उपलब्ध हो गया है। इसके चलते अब रबी सीजन के धान की कीमत एकदम से गिर गई है। शुरूआती दौर में तो रबी सीजन के धान को 1850-1900 रुपए क्विंटल तक दाम मिल रहा था। धीरे-धीरे दाम गिरता गया। अब तो व्यापारी 1700 रुपए क्विंटल लेने को तैयार नहीं है। ऐसे में किसानों की स्थिति काफी खराब है। कई किसानों ने धान के रेट को देखते हुए रबी सीजन में धान की खेती से तौबा कर ली है। किसानों ने बताया कि इस साल खेती में लागत काफी अधिक आई है। ऐसे में धान का रेट कम होने से खेती की लागत भी मुश्किल से निकल पा रही है।



फाइल फोटो

#### कम नहीं हो रही परेशानी

इस साल मौसम ने किसानों की कमर तोड़ दी। लगातार बारिश के चलते कई किसान धान की मिंजाई नहीं कर पाए थे। कुछ दिन पहले ही मौसम थोड़ा खुला। किसानों ने दो चार दिन पहले ही मिंजाई का काम कम्पलीट किया। मिंजाई करने के बाद जब धान को बेचने जा रहे हैं तो धान का रेट नहीं मिल रहा है। वहीं बारिश से धान काफी खराब हो गया। बचे हुए धान की क्वालिटी भी अच्छी नहीं आई है। इससे धान के दाम और कम हो गए हैं। कुछ किसानों ने बारिश से पहले मिंजाई करवा ली थी, लेकिन वे रेट बढ़ने की उम्मीद में धान नहीं बेच पाए थे। रेट बढ़ना तो दूर दाम और कम हो गए हैं, जिससे उन्हें पछतावा हो रहा है।

## शकरवारा के युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक युवक ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार रूद्री थाना क्षेत्र के ग्राम शकरवारा निवासी भावेश कुमार मानिकपुरी पिता चम्पेश्वर उम्र 20 वर्ष मजदूरी करता था। मंगलवार की सुबह युवक बगैर बताए कहीं चला गया था। रात्रि में पिता घर पहुंचा तो युवक घर आ चुका था। वह नशे की हालत में था। उसके सिर पर चोट लगी थी जिसमें हल्दी लगा था। पिता द्वारा सिर पर चोट लगने के बारे में पूछने पर युवक ने गिर जाने की बात कही। युवक ने खाना कौन देगा, कहते हुए दरवाजा बंद कर दिया। युवक को बाहर नहीं निकलते देख पिता ने आवाज दिया लेकिन भीतर से कोई जवाब नहीं मिला। अनहोनी की आशंका से पिता ने छप्पर पर चढ़ वहां पर लगी सीमेंट सीट को हटाकर देखा। जहां युवक लोहे के पाइप में गमछे के फंदे में फांसी पर लटका हुआ था। यह देख पिता नीचे कूदकर युवक के जीवित होने की संभावना के चलते उसे फंदे से नीचे उतार निजी वाहन की मदद से उपचार के लिए रात्रि में ही मसीही अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने बुधवार को पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है। युवक द्वारा फांसी लगाने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।


### पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### सिहारी में मोर गांव मोर पानी में किया श्रमदान

**दुर्गूकोंदल।** जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल के ग्राम पंचायत सिहारी में मोर गांव, मोर पानी महाअभियान के तहत जल संरक्षण करने के लिए विभिन्न गतिविधि किया गया। ग्राम के तालाबों की सफाई श्रमदान से किया गया। ग्राम में रैली के माध्यचम से जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। सभी के द्वारा संकल्प लेने के बाद तकनीकि सहायक पिनय नायक के द्वारा जल संरक्षण के विभिन्न उपायों को बताया गया। जागरूकता कार्यक्रम में सरपंच राम गावड़े, महेश कोमरा, देवदूत कोरेटी, जीतेन्द्र, सत्ते सिंग व ग्रामवासी उपस्थित रहें।

### जहर खाने वाली महिला की इलाज के दौरान हो गई मौत

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत 48 वर्षीय शोभा विश्वास ने अज्ञात कारणों के चलते जहर खा लिया। स्वास्थ्य खराब होने के कारण उसे पखांजुर के निजी अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां इलाज के दौरान 10 जून को उसकी मौत हो गई। अस्पताल मेमो पेश करने पखांजुर थाना में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### क्षेत्र के 40 गांव के किसान आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे

# वनांचल सिंगपुर क्षेत्र के किसान 16 जून को कुरूद में करेंगे चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड



दक्षिण मगरलोड वनांचल सिंगपुर क्षेत्र के किसानों ने छह मांगों को लेकर आंदोलन का ऐलान किया है। दक्षिण मगर लोड किसान संघर्ष संघ वनांचल सिंगपुर क्षेत्र के अध्यक्ष रामायण सिन्हा ने कहा कि आजादी के 77 साल बाद भी उनकी बुनियादी समस्याएं जस की तस है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, जिला प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा, कुरूद विधायक अजय चंद्राकर और सिहावा विधायक अंबिका मरकाम को ज्ञापन सौंपा जा चुका है। इसके बावजूद कोई हल अभी तक नहीं निकला है।

मोहेरा की सरपंच फलेश्वरी कश्यप, खड़मा सरपंच नंदकुमार ध्रुव, बोइरगांव सरपंच उत्तम ध्रुव ने कहा कि क्षेत्र के 40 गांव के किसान आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं । किसान सालों से बेंदराचुवा से सरईरुख, सिंगपुर, मोहरा मुख्य जर्जर मार्ग तक डामरीकरण सड़क के पुनर्निर्माण की मांग कर रहे हैं। लेकिन अब तक शासन प्रशासन ने गंभीरता नहीं दिखाई है। सिंगपुर सरपंच बंटी साहू, पठार सरपंच दुलार सिंह गनियार, भंडारवाडी सरपंच रोहित मरकाम ने बताया कि मेघा, मोहंदी से सिंगपुर, दुगली तक स्वीकृत चौड़ीकरण मार्ग का काम सिर्फ मोहंदी तक हुआ है और राजस्व जगह का ही डामरीकरण किया है। वन विभाग के आने वाले क्षेत्रको डामरीकरण के लिए छोड़ दिया गया है जिस वजह से राहगीरों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

सरपंच सोनझरी निलेश यादव, सरपंच केकरा खोली ललित मरकाम, सरपंच मुड़केरा रानू सिन्हा ने कहा कि मोहरा और मूलगांव धान उपार्जन केंद्र को प्राथमिक कृषि सहकारी समिति का दर्जा मिले और जिला सहकारी बैंक की शाखा मगरलोड की तरह सिंगपुर में हो। बैंक जाने के लिए 40 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है। तेंदूपत्ता बोनस की राशि 4500 रुपये बकाया राशि शीघ्र दें। बिरझुली सरपंच पुष्पलता रामायण सिन्हा, जनपद सदस्य जनपद क्षेत्र सिंगपुर गजेंद्र दीवान, जनपद क्षेत्र भंडरवाडी सदस्य रामजी नेताम, जनपद क्षेत्र मोहेरा जनपद सदस्य कश्यप, सिंगपुर क्षेत्र के किसान गौतम ध्रुव, छेदन यादव, जगन्नाथ मंडावी, दयाराम ध्रुव, संतोष कंवर, कमलेश ध्रुव, विशाल सिंह सिन्हा ने अनुविभागीय अधिकारी के नाम से दुर्गेश सिंह कंवर को ज्ञापन सौंपा है। किसानों ने चेतावनी दी है कि 16 जून को रायपुर-जगदलपुर मुख्य मार्ग पर सांधा चौक कुरूद में दोपहर 12 बजे से चक्काजाम किया जाएगा।

## अधिवक्ताओं के हित को लेकर संघ की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

अधिवक्ता संघ कुरुद के पदाधिकारियों की कार्यकारिणी बैठक तहसील कार्यालय कुरुद के कार्यालय में हुई जिसमें अधिवक्ताओं के हितार्थ अनेक विषयों पर चर्चा हुई।

संघ के उद्देश्य को प्राप्त करने अनेक प्रस्ताव पास हुआ जिसमें अधिवक्ता संघ के सदस्यों की मृत्यु पश्चात पूर्व में संघ द्वारा दी जा रही आर्थिक सहयोग राशि 25000 रुपये को बढ़ाकर 50000 रूपए किये जाने, अधिवक्ता संघ कुरुद के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण व कुरुद अनुभाग के सभी तहसील में अधिवक्ता कक्ष हेतु भवन व पक्षकारों की सुविधा तथा न्याय व्यवस्था सस्ता सुलभ व आम लोगों की पहुच के अंदर हो। इस पर चर्चा कर प्रस्ताव पास किया गया।

बैठक में संघ के संरक्षक अधिवक्ता एलपी गोस्वामी, अध्यक्ष रमेश पांडेय, उपाध्यक्ष नरेश डिंगरे, ममता सोनकर, सचिव यशवंत साहू, कीड़ा सचिव हेमंत निर्मलकर, कोषाध्यक्ष महेंद्र साहू, ग्रंथालय प्रभारी राजेश साहू, कार्यकारिणी सदस्य एनेन्द्र साहू, सूरज प्रकाश लांबा, विश्वेश्वर साहू, लोकेश दत्त भार्गव, नीतू तोड़ेकर उपस्थित रहे।

### कर्णेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट की नई कार्यकारिणी घोषित

## विकल गुप्ता पुनः निर्विरोध अध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



कर्णेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट देउर पारा सिहावा की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। तीन वर्षों के सफल कार्यकाल के पश्चात ट्रस्ट के सदस्यों ने एक बार फिर से विकल गुप्ता को अध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध रूप से मनोनीत किया। उनके नेतृत्व में मंदिर ने बीते कार्यकाल में कई विकासात्मक उपलब्धियां हासिल कीं। इसी तरह

उपाध्यक्ष रवि ठाकुर, रवि दुबे, कोषाध्यक्ष निकेश ठाकुर, सचिव भरत निर्मलकर, सहसचिव रामभरोस साहू, मोहन पुजारी बनाए गए। इस निर्वाचन को पूर्णतः पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने वरिष्ठ ट्रस्टी कोमल श्रीमाली एवं अमर सिंह पटेल को निर्वाचन अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। उन्होंने ट्रस्ट के सर्वराकार कैलाश पवार से विचार-विमर्श कर चुनाव प्रक्रिया को संपन्न किया। इस अवसर पर अध्यक्ष श्री गुप्ता ने कहा कि हमारे पूर्व कार्यकाल में मंदिर विकास के कई कार्य सबके सहयोग से संभव हुए। आगामी समय में



प्रशासन व जनसहयोग के साथ मिलकर कर्णेश्वर महादेव मंदिर को धार्मिक पर्यटन के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने सभी ट्रस्टियों के विश्वास और समर्थन के लिए आभार जताया और भावी योजनाओं में सबके सहयोग की अपेक्षा जताई। मौके पर ट्रस्टी प्रकाश बैस, नागेन्द्र शुक्ला, छबि ठाकुर, गगन नाहटा, शिव परिहार, अंजोर निषाद, कमलेश मिश्रा, ललित शर्मा, महेंद्र कौशल, कलम सिंह पवार, रवि भट्ट, प्रकाश सार्वा, उत्तम साहू, योगेश साहू, दुर्गेश साहू, कुलेश साहू, दीपक यदु, प्रवीण गुप्ता, डोमार मिश्रा, भूपेश साहू, पुजारी विनोद गोस्वामी मौजूद थे।

उल्लेखनीय है कि कर्णेश्वर महादेव मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है बल्कि सिहावा क्षेत्र के सांस्कृतिक और सामाजिक जीवन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। ट्रस्ट द्वारा मंदिर विकास और क्षेत्रीय पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में किए जा रहे प्रयास से स्थानीय जनमानस में नई उम्मीदें जागी हैं।

## श्रद्धालुओं ने लिया संतों के प्रवचन का लाभ





हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

श्री कबीर सत्संग समिति द्वारा सिवनीकला में उत्साह से कबीर जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में नयापारा आश्रम से विचार साहेब, समेद साहेब शामिल हुए जिनका ग्रामवासियों ने पुष्पगुच्छ से स्वागत कर आशीर्वाद लिया। संतों के प्रवचन का लाभ श्रद्धालुओं ने लिया। सादगीपूर्ण जीवन जीने की बात बताई। मौके पर गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## छात्रों ने साइकिल रैली निकालकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

- पर्यावरण दिवस पर आईटीआई मेघा में 50 पौधे रोपे गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था आईटीआई मेघा में 50 पौधे लगाए गए। छात्र-छात्राओं द्वारा साइकिल रैली निकाली गई जिसमें पर्यावरण संरक्षण, जल बचाने का संदेश देते हुए मेघा का भ्रमण किया गया।

इस दौरान भौमिक साहू प्रशिक्षण अधिकारी ने बताया कि सभी अपनी मां के प्रति अपने स्नेह, श्रद्धा और समर्पण भाव को प्रदर्शित करते हुए उनके नाम से पौधरोपण करें और पर्यावरण संरक्षण में अपना बहुमूल्य योगदान दें। शेषनारायण ध्रुव ने कहा कि इस अभियान में आपकी भागीदारी न सिर्फ आप सभी की माताओं के प्रति सम्मान का सूचक होगी, बल्कि धरती मां के संरक्षण और संवर्धन के साथ-साथ हमें एक सुरक्षित भविष्य भी प्रदान करेगी। मां के सम्मान में या उनकी स्मृति में एक पौधा लगाने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत देशभर में करोड़ों पौधे लगाए जाएंगे। इस दौरान प्रशिक्षण अधिकारी शिल्पा गुप्ता, आकांक्षा मसीह, दुर्गेश साहू, पवन नेताम, टोमन साहू, प्रियंका युगल समेत संस्था के छात्र-छात्राएं व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## अंवरी में मनाई गई बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

ग्राम अंवरी में बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान बिरसा मुंडा के बलिदान को याद करते हुए उसकी मूर्ति की पूजा-अर्चना की गई। मौके पर केंवरा बाई, सीमा नगारची, गंगा बाई, रानी बाई, राजबती, कुंती नगारची, ईश्वरी ध्रुव, तीजिया बाई, पोरा बाई, संतोषी बाई, त्रिवेणी बाई, राखी बाई, लीला बाई समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## शुचिता को मिली पीएचडी की उपाधि





हरिभूमि न्यूज ⏭ आमदी(धमतरी)

पं. रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर द्वारा कला संकाय अन्तर्गत हिन्दी में मैत्रेयी पुष्पा के उपन्यासों में आंचलिकता विषय पर शोध छात्र शुचिता देशमुख पति शचिन्द्र देशमुख रायपुर को पीएचडी की उपाधि मिली। उन्होंने अपना शोधकार्य शोध निर्देशक डॉ. गौकरणप्रसाद जायसवाल सहायक प्राध्यापक हिन्दी शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी के मार्गदर्शन में पूर्ण किया।

इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरणप्रसाद जायसवाल, महाविद्यालय कुरूद के प्राचार्य डा. एके मिश्रा, डा. आरके पाण्डेय विभागाध्यक्ष हिंदी, डा. प्रभात रंजन सहायक प्राध्यापक हिन्दी, डा. शैल शर्मा अध्यक्ष साहित्य एवं भाषा अध्ययन शाला पं. रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर, प्रो. मधुलता बारा रायपुर, डा. गिरिजाशंकर गौतम सहायक प्राध्यापक हिंदी रायपुर, डॉ. विभाषा, डॉ. ऋचा शुक्ला, तरुण बैनर्जी सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान, अंकित बोधवानी सहायक प्राध्यापक वाणिज्य, डीगेश्वर अटल सहायक प्राध्यापक भूगोल शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी, डा. चुन्नीलाल, डा. नम्रता, डा. चोवाराम यदु, डा. वर्षारानी सिन्हा, डॉ. बसंती सेनापति, डॉ. अंजलि खलको, दीपक कुमार, तारकेश्वर, रंजिता, शिरोमणि, मनोज सहित शोध केंद्र के सभी शोधार्थियों ने शुभकामनाएं दी है।

### कार्यक्रम की तैयारी को लेकर भाजपा के पदाधिकारियों की हुई बैठक

## संकल्प से सिद्धि सहकार्यशाला 15 को, भाजपा पुरूर मंडल कार्यालय का उद्‌घाटन भी होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुरूर(धमतरी)

भारतीय जनता पार्टी मंडल पुरूर पदाधिकारियों की बैठक पुरूर में आयोजित की गई जिसमें 15 जून को होने वाले कार्यक्रम संकल्प से सिद्धि सह कार्यशाला एवं पुरूर मंडल कार्यालय का उद्‌घाटन के संबध में चर्चा की गई।

प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल के 11 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा द्वारा संकल्प से सिद्धि का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में 15 जून को पुरूर मंडल द्वारा भी कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। मंडल अध्यक्ष टुकेश्वर पांडेय ने बताया कि 15 जून को प्रातः 11 बजे संकल्प से सिद्धि सह कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर मंडल पुरूर की बैठक आयोजित की गई थी जिसमें 5 जून से 15 अगस्त तक के कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में ग्राम पुरूर में मंडल कार्यालय का उद्‌घाटन के संबध में भी चर्चा की गई। 15 जून को ही बस स्टैड पर कार्यालय का उद्‌घाटन किये जाने का निर्णय लिया गया।

इस दौरान प्रमुख रूप से पूर्व विधायक प्रीतम साहू, जिला संयोजक त्रिलोकी साहू, जिपं सदस्य तेजराम साहू, महामंत्री राकेश सिन्हा, यदीप साहू, प्रहलाद साहू, मंडल उपाध्यक्ष सविता साहू, ममता गौतम, हेमंत साहू, विजय गौतम, द्वारिका सिन्हा, केजूराम साहू, सुरेन्द्र तिवारी, मनोहर साहू, कुबेरसिंह गुरूपंच, भावराम साहू, संजय साहू, बाबूलाल साहू, अजय साहू व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## भाठागांव में कचरे से बनाई जाएगी कंपोस्ट खाद

- कचरा इकट्ठा करने स्वच्छता दीदी नियुक्त, सरपंच ने कचरा गाड़ी को दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री



ग्राम पंचायत भाठागांव में सरपंच पुष्पलता साहू ने स्वच्छता अभियान को बढ़ावा देने मुहिम छेड़ दी है। उन्होंने गांव के कचरे को इकट्ठा करने के लिए पंचायत भवन में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम की नींव रखी। कचरा इकट्ठा करने के लिए झालेश्वरी यादव, मालती साहू, माया साहू, किरण साहू को स्वच्छता दीदी नियुक्त किया गया। सरपंच पुष्पलता साहू ने कचरा गाड़ी को हरी झंडी दिखाई। सरपंच ने बताया कि कचरा गाड़ी के माध्यम से स्वच्छता दीदियों द्वारा महीने के पहले और तीसरे सप्ताह को प्रत्येक घर से कचरा इकट्ठा किया जायेगा। वहीं दूसरे और चौथे सप्ताह को कचरे की छंटनी कर उसे गड्ढों में भरकर खाद के रूप में परिणीत किया जाएगा ताकि इसे उपयोग में भी लाया जा सके। पंचायत प्रत्येक घर से इसके लिए वार्षिक टैक्स की भी वसूली करेगी। स्वच्छता दीदियों को मेहनताना पंचायत द्वारा प्रदान की जाएगी। इस अभियान को गति देने एक और कचरा गाड़ी की मांग सरपंच द्वारा की गई है। स्वच्छता दीदियों को दस्ताना, मास्क, झाड़ू, फावड़ा, टब आदि अन्य सफाई किट्स प्रदान किए गए। इस मौके पर उपसरपंच प्रीतम साहू, रामनारायण साहू पंच, नारायण साहू, अकलेश्वरी, योगिता साहू, रामबाई साहू, मालती साहू, किरण साहू, झालेश्वरी यादव, मीना साहू, लकेश्वर साहू, दुलारी सेन, यमुना साहू, संतोषी मानिकपुरी, बृजमोहन विश्वकर्मा, नर्मदा ध्रुव, लता साहू, शशि साहू, माया साहू, सगुना मानिकपुरी, गोपाल साहू उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप




### सिविल अस्पताल के शौचालय से नवजात का शव बरामद

**पखांजूर।** सिविल अस्पताल के शौचालय में एक नवजात शिशु का शव बरामद हुआ है। इस मामले में पखांजूर थाने में शिकायत किया गया है और जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि उन्हें अस्पताल के बाथरूम में नवजात शिशु का शव मिलने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और शिशु के माता पिता की तलाश किया जा रहा है। बीएमओ डॉ. दिलीप कुमार सिन्हा से बात करने पर बताया कि हॉस्पिटल का सीसी कैमरा देखा गया, परंतु सीसी कैमरा से नवजात के माता-पिता की पुष्टि नहीं हो पा रही है। थाना प्रभारी लक्ष्मण केवट ने कहा कि अभी नवजात शिशु के माता-पिता की तलाश जारी है।

### साढ़े सात लीटर महुआ शराब के साथ पकड़ा गया कोचिया

**कांकेर।** दुधावा चौकी पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए साल्हेटोला निवासी केशव प्रसाद तिवारी के कब्जें से भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब को जब्त किया। पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली था कि आरोपी अपने घर में हाथ भट्टी से बना हुआ महुआ शराब को रखा हुआ है। बेचने के लिए ग्राहक की तालाश में है। जानकारी कि तस्दीक करने के उपरांत पुलिस ने छापामार कार्यवाही किया और शराब कोचिया केशव प्रसाद को धर दबोचा। कब्जे से साढ़े सात लीटर महुआ शराब जिसकी किमत 750 रूपएं को जप्त कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

### रसोइया संघ की बैठक तहसील कार्यालय में आयोजित होगी कल

**दुर्गूकोंदल।** छत्तीसगढ़ मध्यान्ह भोजन रसोइया संयुक्त संघ की ब्लाक स्तरीय विशेष बैठक का आयोजन शुक्रवार 13 जून को 12 बजे तहसील कार्यालय के सामने रखा गया है। बैठक में विशेष रूप से जून माह का वेतन नहीं मिलने के कारण मध्यान्ह भोजन नहीं बनाने का निर्णय प्रदेश स्तर पर लिया गया है। 16 जून को जगदलपुर में होने वाले रैली एवं धरना प्रदर्शन में समस्त रसोइयों को बड़ी संख्या में भाग लेने पर चर्चा किया जाएगा। यह जानकारी ब्लाक सचिव घनश्याम बघेल ने दी।

साप्ताहिक बाजार को नई जगह पर किया गया व्यवस्थित

# नपं कुरुद में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुद

नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर की अगुवाई में नगर को फिर से स्वच्छ व सुंदर बनाने में जुटी नगर प्रशासन की टीम अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर मुख्य मार्ग से लेकर विभिन्न चौक चौराहों से बेजा कब्जा हटाने की कार्रवाई कर रही वहीं साप्ताहिक बाजार को मंडी बोर्ड से प्राप्त जगह पर व्यवस्थित किया।

बीते शनिवार से शुरू हुई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी है जिसके मद्देनजर कई वर्षों बाद कुरुद का प्रमुख मंगल बाजार नई जगह में व्यवस्थित नजर आया। इससे नया बाजार में सुपर मार्केट, पुराना बस स्टैंड मार्ग, पुरानी मंडी, नगर पंचायत से तहसील मार्ग तक आने जाने वाले लोगों, बाहर से आऐ फुटकर व्यवसायी और खरीदारों ने राहत की सांस ली।

हालांकि व्यापारियों ने इस अभियान का विरोध करते हुए स्थानीय प्रशासन को कुरुद बंद करने की लिखित चेतावनी दी थी। सुबह कुछ देर दुकानों के शटर नहीं उठे, लेकिन थोड़ी देर बाद बैठक कर व्यापारियों ने अपने ही फैसले को पलटते हुए दुकान खोलने का निर्णय लिया।

#### नये स्वरूप में नजर आया मंगल बाजार

सप्ताह में एक बार लगने वाला यह पारंपरिक हाट-बाजार अब नए स्वरूप में नजर आया, जिससे न केवल खरीदारों को सुविधा हो रही है बल्कि विक्रेताओं को भी व्यवस्थित ढंग से अपना व्यापार चलाने में सहूलियत मिल रही है। नगर पंचायत की इस पहल की स्थानीय नागरिकों, अधिवक्ताओं, दुकानदारों और महिलाओं ने सराहना की है। इस बीच कुछ दुकानदारों ने नगर में चल रहे अतिक्रमण मुक्त अभियान में बिना पूर्व सूचना के तोड़-फोड़ करने व नगर के कर्मचारियों द्वारा दुर्व्यवहार किये जाने का आरोप लगा बुधवार को नगर बंद का आव्हान किया था जो व्यापारी संघ एवं नगर प्रशासन के बीच हुई बैठक के बाद स्थगित कर दिया गया।

#### नगर हित में मिल रहे सुझाव पर कार्य जारी है : सीएमओ

इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी महेंद्रराज गुप्ता ने बताया कि नगरहित को प्राथमिकता देते हुए बेजा कब्जा हटाने की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। हाट बाजार में आवागमन की सुविधा बढ़ाने के साथ कुरुद के आस-पास के ग्रामीणों को जो परेशानी होती थी, उसे ध्यान में रखकर व्यवस्था को दुरुस्त किया गया है। नगर हित के लिए जो भी सुझाव मिल रहे हैं, उन पर भी प्राथमिकता से कार्य किया जाएगा।

#### विकसित कुरुद बनाने की दिशा में प्रयास जारी रहेगा : भानु

विधायक प्रतिनिधि भानु चंद्राकर ने हरिभूमि को बताया कि विधायक अजय चंद्राकर के मार्गदर्शन में नगर को स्वच्छ, सुंदर बनाकर विकसित करने की दिशा में काम कर रहे हैं जिसमें सभी वर्गों का समर्थन मिल रहा है। परिषद के निर्णय अनुसार 7 से 12 जून तक अतिक्रमण मुक्त सप्ताह अभियान चलाया जा रहा है। कहीं-कहीं व्यापारी बंधुओं को नुकसान भी उठाना पड़ा है जिसके लिए अभियान के बाद बैठकर पुनः समीक्षा करेंगे जो कुरूद के लिए अच्छा हो वे सभी कार्य किए जायेंगे।

# टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र के संरक्षण पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

जनपद पंचायत नगरी के सभा कक्ष में ग्राम सभा फेडरेशन के सीतानदी से 22 गांव और उदंती से 17 गांव के सदस्यों की यूएसटीआर उपनिदेशक के साथ टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में संरक्षण और निस्तार पर चर्चा हुई।

मध्यप्रदेश से बाघ लाने पर डीएफओ ने बताया कि तेंदुआ और हाथी की संख्या दिनोंदिन बढ़ रही है तो यूएसटीआर में बाघों का होना जरुरी है। यूएसटीआर में विकास कार्य के लिए वन अधिकार कानून की धारा (3)2 के तहत दावा करने की जानकारी दी गई। इस बैठक में एसडीएम नगरी, यूएसटीआर डीएफओ गरियाबंद, सीईओ नगरी, नगरी क्षेत्र के जनपद सदस्य, सरपंच तथा खोज संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित हुए।

# जामपानी में लगा आयुष्मान आरोग्य स्वास्थ्य शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

ग्राम पंचायत कसपुर के आश्रित ग्राम जामपानी में आयुष्मान आरोग्य स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामवासी लाभान्वित हुए। घसियाराम नेताम, शिवनाथ मरकाम जनपद सदस्य, बोधन सिंह मरकाम सरपंच ने पात्र हितग्राहियों को बैसाखी प्रदान की। शिविर में नथेला नेताम, श्रीराम नेताम, जीवन कुंजाम उपसरपंच, रतिराम, सदाराम, चेतन सिंह, सरिता ध्रुव, अमेश्वरी कुंजाम, नागेश्वरी मरकाम, सुरजाबाई, शैलेन्द्र मरकाम मितानिन, आशा बाई मितानिन, उपस्वास्थ्य केन्द्र कसपुर के स्वास्थ्य कर्मचारी श्रीमती चंद्रकला यादव, श्रीमती पुष्पलता कुंजाम समेत अन्य मौजूद थे।

# मानिकपुरी पनिका समाज ने मनाई कबीर दास जयंती



**नगरी।** ग्राम उमरगांव में मानिकपुरी पनिका समाज ने संत कबीरदास की जयंती मनाई । गरिमा नेताम जिला पंचायत सदस्य, अंजना ध्रुव सरपंच, फलेंद्र साहू उपसरपंच, मोहन पुजारी पूर्व सरपंच, कृष्णा मारकोले, ओमप्रकाश नेताम, महेश पुजारी पंच, लक्ष्मीनाथ काशिव पंच, किशोर यादव पंच ने संत कबीर दास की महिमा का बखान करते हुए कहा कि कबीरदास प्रसिद्ध संत, कवि और समाज सुधारक थे। दोहे, पद की रचना की। मौके पर बेददास मानिकपुरी, लालदास, नारायण दास, सुफल दास, धरम दास, भुवन दास, करणदास सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे।

# साहू समाज ने किया दसवीं के टॉपर को सम्मानित

- जिला साहू संघ की बैठक में आय-व्यय प्रस्तुत किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



जिला साहू संघ की बैठक जिलाध्यक्ष अवनेन्द्र की अध्यक्षता में साहू समाज भवन बांसपारा धमतरी में हुई जिसमें जिला का वार्षिक आय-व्यय प्रस्तुत किया गया । आगामी वार्षिक कार्ययोजना का प्रस्ताव पारित किया गया।

इस अवसर पर कक्षा दसवीं में राज्य की मेरिट सूची में 9वां स्थान बनाकर समाज एवं परिवार का गौरव बढ़ाने वाले चरमुड़िया कुरूद निवासी समीर साहू पिता भुवन साहू को श्रीफल एवं 25 हजार रूपये की राशि देकर सम्मान किया गया।

### अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर दी जान

**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत 38 वर्षीय अमजद खान ने अज्ञात कारणो के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पांडरवाही निवासी धरमराज कोर्राम ने पुलिस को बताया कि अमजद खान ने 10 जून को निर्माणाधीन मकान में हरा रंग के नायलोन रस्सी बांधकर फांसी लगा लिया। फांसी लगाने के कारणो का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।



## खबर संक्षेप



### अवैध रूप से पेड़ों की कटाई पर लगाया अंकुश

**पखांजूर।** क्षेत्र में अवैध रूप से पेड़ों की कटाई चल रही है और शिकायत मिलने पर वन विभाग की टीम कार्रवाई कर रही है। ग्राम बांदे में अवैध रूप से हो रही पेड़ों की कटाई की शिकायत मिलने पर वन विभाग की टीम पहुंची और अवैध रूप से हो रही कटाई पर अंकुश लगाया। बांदे के ग्रामीणों की शिकायत पर वन विभाग की टीम ने मौके स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण कर पंचनामा तैयार किया गया है, जिसमें संजय कुजूर, सपन राय, दीपक पवार, अमन नेताम, महादेव हीरा व अंतू नेताम ने बताया कि पंकज परामाणिक पिता स्व. प्रेमरंजन परामाणिक निवासी बांदे के द्वारा खसरा नंबर 145 रकबा 2.020 में से मिश्रित प्रजाति के वृक्षों की अवैध रूप से कटाई किया है। वन विभाग की टीम ने मौके स्थल पर पाया कि 12 नग बड़े-बड़े पेड़ो को एक माह पूर्व काटा गया है, जिसमें से एक नग जेसीबी मशीन एवं डोजर मशीन से पेड़ को उखाड़कर दूसरे स्थान पर गिराकर जलाया जा रहा है, ताकि सबूत मिटाया जा सके। शासकीय बांस प्लांटेशन में लगे चैनलिंग फेंसिंग पोल को उखाड़ा गया है। ग्रामीण धर्मेंद्र पुडों, धन साय, मनीराम, सोन साय व आयतू का कहना है कि पिछले दो वर्षों से अपने एवं शासकीय भूमि के बड़े बड़े इमारती पौधों की कटाई कर आग के हवाले किया जा रहा था। पंकज ने दबंगई दिखाते हुए लगभग 20 एकड़ शासकीय भूमि पर कब्जा किया गया है। गांव के शासकीय तालाब को डोजर मशीन से मिट्टी डाल कर खेत बनाया गया है और ग्रामीण जब इसका विरोध करते है तो धारदार हथियार टंगिया से मारने का धमकी देता है। ग्रामीणों की मांग है कि शासकीय भूमि पर अतिरिक्त कब्जा को हटाया जाए।

### रूद्री रोड बजट में शामिल, सोरम मार्ग के लिए राज्य शासन को भेजा गया प्रस्ताव : महापौर

# रूद्री-गंगरेल व सोरम-भटगांव मार्ग का होगा चौड़ीकरण, दबाव होगा कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



शहर के व्यस्त रोड रूद्री गंगरेल, अंबेडकर चौक मार्ग के चौड़ीकरण के लिए राज्य शासन ने इसे बजट में शामिल कर लिया है। इसके अलावा गंगरेल पहुंचने के लिए दूसरा मार्ग पुरुर, सोरम, भटगांव, नवागांव मार्ग के चौड़ीकरण के लिए निगम ने राज्य शासन को प्रस्ताव भेजा है। इसे भी जल्द ही बजट में शामिल कर लिया जाएगा। दोनों मार्ग 4 लेन बनेगा। मार्ग चौड़ीकरण के लिए जमीन अधिकृत करने पर हितग्राहियों को मुआवजा भी दिया जाएगा।

बता दें कि रूद्री गंगरेल को पर्यटन स्थल का दर्जा मिल गया है। इसलिए पहुंच मार्ग अत्यधिक व्यस्त हो गया है। कलेक्ट्रेट, जिला पंचायत, जनपद, एसपी आफिस, कोर्ट मार्ग होने के कारण यातायात का काफी दबाव है। इसलिए नागरिकों की मांग पर फोरलेन बनाने प्रस्ताव दिया गया है। फोरलेन बनने से आवाजाही सुगम हो जाएगी। गंगरेल पहुंचने के लिए पर्यटकों को दोनों मार्ग सुलभ मिलेगा। सोरम भटगांव मार्ग की लंबाई 14 किमी है। जिसके लिए 27 करोड़ का प्रस्ताव भेजा गया है। रोड को 20 फीट चौड़ा बनाया जाएगा। अंबेडकर चौक से रूद्री गंगरेल पहुंच मार्ग के लिए 80 करोड़ रूपए बजट में शामिल है। रोड किनारे मकान, दुकान, खेतों का मुआवजा शासन की ओर से दिया जाएगा।

महापौर रामू रोहरा ने बताया कि सोरम भटगांव व रूद्री गंगरेल मार्ग का चौड़ीकरण प्रस्तावित है। रूद्री गंगरेल मार्ग को बजट में शामिल हो गया है। दोनों मार्ग का चौड़ीकरण कर फोरलेन बनाया जाएगा। ट्रैफिक दबाव कम करने दोनों मार्ग का चौड़ीकरण आवश्यक था। जनता की मांग पर निगम ने पहल की है।

धमतरी विकास के लिए हमारा विजन बड़ा है। ट्रिपल इंजन की सरकार की बदौलत धमतरी सिटी को स्मार्ट सिटी का लुक दिया जाएगा। धीरे-धीरे सभी समस्याएं हल कर ली जाएंगी। अब तो सिर्फ विकास होगा। जनता जो चाहेगी वही होगा। इससे पूर्व सिहावा चौक से कोलियारी मार्ग का चौड़ीकरण, कोलियारी से नगरी सिहावा तक मार्ग की मरम्मत, रत्नाबांधा से मुजगहन तक रोड चौड़ीकरण की राज्य शासन से स्वीकृति मिल गई है।

## पावरलिफ्टिंग एवं बॉडी बिल्डिंग में दिखाया दम



■ धमतरी के खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन के दम पर कई मेडल जीते

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

एक बार फिर राज्यस्तरीय ओपन पावरलिफ्टिंग एवं बॉडी बिल्डिंग में धमतरी के खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया। कई मेडल जीते। कोच टिकेश्वर निर्मलकर ने बताया कि राज्य स्तरीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता संयुक्त भारतीय खेल फाउंडेशन छत्तीसगढ़ द्वारा दल्ली राजहरा में 7 से 8 जून तक आयोजित की गई थी जिसमें धमतरी के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। धमतरी के इंटरनेशनल मेडलिस्ट खिलाड़ी एवं कोच देवेंद्र यादव ने मास्टर इवेंट में गोल्ड मेडल प्राप्त किया और मिस्टर छत्तीसगढ़ का खिताब अपने नाम किया वहीं जूनियर वर्ग में सिद्धार्थ तिवारी ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। पृथ्वीराज ने सब जूनियर में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। गौरव ने सिल्वर मेडल, विवेक साहू ने ब्रांज मेडल, अभय यादव ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। वहीं बॉडी बिल्डिंग में धमतरी के खिलाड़ी रामकिशन ने सिल्वर मेडल प्राप्त कर धमतरी का नाम रोशन किया।

ज्ञात हो कि विगत दिन हुई इंटरनेशनल पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में देवेंद्र यादव ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर स्ट्रांग मैन इन एशिया का खिताब जीता था। इस उपलब्धि पर लक्ष्मण साहू अध्यक्ष क्रीड़ा भारती धमतरी, उपाध्यक्ष कैलाश यादव, संरक्षक भागवत यादव, राजू सोनकर, योगेश साहू, ननकू महाराज महामंत्री, टिकेश्वर निर्मलकर सहमंत्री, कोषाध्यक्ष रामकुमार साहू, क्रीड़ा अधिकारी देवेश जोशी, शिवा प्रधान, कुंदनसिंह ठाकुर, ईश्वर पटेल समेत अनेक लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## जीवन मूल्य आधारित शिक्षा सशिमं से मिलती है : मोहन

■ सशिमं मड़ाईभाठा में आचार्य, दीदियों का प्रशिक्षण वर्ग आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति के तत्वावधान में दस दिवसीय नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग श्रीराम जानकी मंदिर परिसर सशिमं मड़ाईभाठा में 3 जून से आयोजित है जो 14 जून तक चलेगा। चतुर्थ दिवस के वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छत्तीसगढ़ प्रांत सहसेवा प्रमुख मोहनलाल साहू ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सरस्वती शिशु मंदिर उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। जीवन मूल्य आधारित शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर से मिलती है। विद्यालय में पाठ्यक्रम के साथ सरस्वती वंदना, वंदेमातरम, देशभक्ति गीत, योग, आसन, प्राणायाम, खेल, विभिन्न मंत्रों का नित्य पाठ होता है जिससे छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास होता है। प्रशिक्षण उद्घाटन की मुख्य अतिथि श्रीमती गितेश्वरी साहू अध्यक्ष जपं कुरूद थीं। अध्यक्षता ललित सिन्हा जिला अध्यक्ष ग्राम भारती ने की। मुख्य वक्ता सुदामा राम साहू प्रादेशिक सहसचिव छग प्रांत, वर्गाधिकारी नेमसिंग सिन्हा कोषाध्यक्ष ग्राम भारती धमतरी, जितेन्द्र यदु जिला सचिव ग्राम भारती, थानसिंह, भीमराम, डिगेन्द्र पटेल, नूतन, थमेश्वर, देवेन्द्र, प्रहलाद, भुनेश्वरी, कामिनी, मीरा, रेणुका, डिगेश्वर, लोकेश रहे। छग प्रांत व जिला के अधिकारियों द्वारा आचार्य, दीदियों को प्रातः स्मरण वंदना, योग आसन, प्राणायाम, योग व्यायाम आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### राहगीरों को जूस पिलाया महिलाओं को साड़ी बांटी

**मगरलोड।** नगर पंचायत मगरलोड के वार्ड क्रमांक 04 निवासी तामेश्वर सिन्हा उर्फ तेरे नाम ने अपने जन्म दिवस पर तालाब एवं सड़क किनारे फलदार, छायादार पौधे का रोपण कर उनकी परवरिश करने का संकल्प लिया था। उनके रोपे पौधे आज फल एवं छाया देने दे रहे है। वे हर साल अपने जन्मदिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल, बिस्किट वितरित करते हैं। इस वर्ष अपने जन्मदिवस पर मुख्य चौक पर स्टॉल लगाकर राहगीरों एवं नगरवासियों को गन्ना जूस पिलाया व बुजुर्ग महिलाओं को साड़ी वितरण का आशिर्वाद लिया। जरूरतमंद लोगों को चावल बांटा।

## छत्तीसगढ़ की संस्कृति को मिली राष्ट्रीय पहचान

■ फोक सिंगर आरु ने दिल्ली में राष्ट्रीय नेताओं से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी







प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व द्वारा एक विशेष संवाद सत्र का आयोजन 10 जून को भारत मंडपम नई दिल्ली में किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह एवं वरिष्ठ केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी सहित कई प्रमुख नेताओं ने भाग लिया। संवाद सत्र में प्रधानमंत्री मोदी सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियां पर चर्चा की गई और विचार साझा किए गए। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ की लोकगायिका आरु साहू भी शामिल हुई। उनकी उपस्थिति ने छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय मंच पर गौरवान्वित किया।

आरू ने इस अवसर को छत्तीसगढ़ की संस्कृति को राष्ट्रीय पहचान देने वाला गौरवपूर्ण क्षण बताया। कहा कि यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि मुझे ऐसे ऐतिहासिक अवसर पर देश के नेतृत्व के साथ उपस्थित होने का मौका मिला। इस आयोजन में शामिल होना राज्य के लिए गर्व की बात है। यह दर्शाता है कि अब लोक कलाकारों को भी राष्ट्रीय मंच पर सम्मान और अवसर प्राप्त हो रहा है।

### ग्रामीणों की शिकायत पर विधायक विक्रम ने लगवाया ट्रांसफार्मर



**अंतागढ़।** विकासखंड अंतागढ़ के ग्राम पंचायत छोटेबोदेली के ग्रामीणों ने विधायक विक्रम उसेंडी से ट्रांसफार्मर लगवाने की माँग किया था। विधायक ने शिकायत को संज्ञान में लेते हुए तत्काल विद्युत विभाग के आला अफसरों को अल्टीमेटम दिया कि जल्द ट्रांसफार्मर लग जाना चाहिए। विधायक की पहल पर खबर करते ही ट्रांसफार्मर लग गया, वहीं ग्रामीणों ने तत्काल आदेश के क्रियान्वयन होने पर विधायक का धन्यवाद ज्ञापित किया।
जानकारी के अनुसार अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी अंतागढ़ के कई ईलाके के प्रवास पर थे। विधायक 9 जून को ग्राम छोटे बोदेली में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने पहुँचे, तभी ग्रामीणो से सीधे संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को पूछा और हालचाल जाना था।

## प्रतिभागियों ने सीखी थिएटर की मूलभूत बारीकियां

■ अजीम प्रेमजी फाउंडेशन शंकरदाह में हुई नाट्य कार्यशाला, पांच नाटक का किया मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



कला केवल मनोरंजन नहीं, परिवर्तन का माध्यम भी है। इसी सोच के साथ 3 से 7 जून तक अजीम प्रेमजी फाउंडेशन शंकरदाह में थिएटर वर्कशॉप का आयोजन हुआ। इसमें जिले भर से 55 से अधिक युवाओं के साथ रेडक्रॉस, एनएसएस के स्वयंसेवकों ने भी भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य केवल अभिनय सिखाना नहीं, बल्कि युवाओं में अभिव्यक्ति, सहानुभूति, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक चेतना का विकास करना था।

प्रतिभागियों ने न केवल थिएटर की मूलभूत बारीकियां सीखी, बल्कि उसे एक सामाजिक संवाद के माध्यम के रूप में भी आत्मसात किया। सहभागियों को उनके क्षेत्र के आधार पर पांच समूहों में बांटा गया। प्रत्येक समूह ने सामाजिक मुद्दों पर आधारित एक-एक नाटक तैयार किया, जिसका जीवंत मंचन वर्कशॉप के अंतिम दिन किया गया। इस दौरान

ठाकुर का कुआं, दीवारें, बच्चे कहां हैं, बात पते की, कौन जिम्मेवार है नाटक प्रस्तुत किया गया। इन नाटकों का चयन भारत ज्ञान विज्ञान समिति नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित साहित्य से किया गया था।

शाश्वत उत्सर्ग यूथ थिएटर ग्रुप के कलाकार आकाश गिरि गोस्वामी, राजकुमार सिन्हा, गौतम साहू, सोहन लाल साहू, वैभव रणसिंह, आशीष साहू ने सहभागियों को भाव-प्रकाशन, संवाद अदायगी, मंचीय अनुशासन व सामूहिक प्रस्तुति की तकनीकों से अवगत कराया। पांचों नाटक में संगीत का संयोजन गौतम साहू और वैभव रणसिंह ने किया। बैकग्राउंड म्यूजिक की जिम्मेदारी आशीष कुमार साहू ने निभाई।

मंच संचालन सोहनलाल साहू और सुनील साहू ने किया। गुलशन ध्रुव ने फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी की। प्राथमिक विद्यालय कोलियारी के 15 छात्र-छात्राएं भी अपने पालक के साथ नाटक देखने पहुंचे थे। अज़ीम प्रेमजी फ़ाउंडेशन धमतरी के जिला प्रमुख गुलशन यादव ने उत्साहवर्धन किया। इस कार्यशाला के माध्यम से यह अनुभव किया गया कि थिएटर केवल अभिनय नहीं है, यह अंदर के सवालों को बाहर लाने, समाज को आईना दिखाने और समाधानों की ओर बढ़ने की एक सशक्त प्रक्रिया है।

युवाओं ने मंच पर केवल अभिनय नहीं किया, बल्कि आत्म-अभिव्यक्ति, सहभागिता और समाज के प्रति ज़िम्मेदारी को भी महसूस किया। प्रत्येक समूह ने अपने प्रस्तुत नाटक को आगामी दिनों में अपने-अपने गांवों और कॉलेजों में मंचित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी पति को पुलिस ने बस स्टैंड से किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

### इंस्टाग्राम में पत्नी को लिखा लव यू

आरोपी धनेश्वर ने घटना के तीन पहले अपने शशिकांत पटेल के नाम से चला रहे इंस्टाग्राम में पत्नी को लव यू लिखा था। तीन दिन बाद प्यार गुस्से में बदल गया और आरोपी ने अपनी पत्नी को हंसिया से गला रेतकर हत्या कर दी। आरोपी अपने एकाउन्ट में दोस्तों के साथ फोटो व पत्नी के साथ डांस करते वीडियो अपलोड किया था।

### पत्नी को किसी से बात करने के लिए मना करता था

जानकारी के अनुसार धनेश्वरी अपनी पत्नी को किसी से बात करने नहीं देता था। पड़ोसियों से भी बात करने की मनाही थी। इसी बात को लेकर पति पत्नी के बीच अक्सर झगड़ा होता था। मंगलवार की सुबह भी दोनों के बीच झगड़ा शुरू हो गया। गुस्से में आकर आरोपी पति ने हंसिया से पत्नी का गला काटकर उसकी हत्या कर दी।

नवविवाहिता पत्नी की हंसिया से गला रेतकर हत्या करने वाले आरोपी पति को पुलिस ने नगरी के बस स्टैण्ड में घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। घटना के बाद आरोपी भागने की फिराक में था।

उल्लेखनीय है कि नगरी के कोटपारा निवासी धनेश्वर पटेल पिता दशरथ उम्र 26 वर्ष की सामाजिक रीति रिवाज के साथ तीन महीने पहले फरवरी माह में ग्राम मुजगहन धमतरी निवासी मीनाक्षी पटेल उम्र 22 वर्ष के साथ शादी हुई थी। शादी के बाद मीनाक्षी अपने ससुराल नगरी कोटपारा आ गई। युवक बिजली फिटिंग का काम करता था। बीते कुछ दिनों से युवक मानसिक रूप से बीमार चल रहा था। उपचार कराने युवक कांकेर गया था। जहां से युवक मंगलवार की सुबह घर लौटा था। घर में पत्नी द्वारा काम पर जाने की बात को लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। गुस्से में आकर पति ने किचन में रखे हंसिया से पत्नी का गला रेत दिया।

इस घटना में मीनाक्षी की मौके पर ही मौत हो गई। मृतिका के शरीर में कई जगह मारपीट के चोट के निशान मिले हैं। पत्नी की हत्या करने के बाद आरोपी पति ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। पत्नी की हत्या करने के बाद कमरे का फर्श व कपड़े खून से सने हुए थे। सबूत मिटाने धनेश्वर ने मर चुकी पत्नी के कपड़ों से साफ करने का प्रयास भी किया था। घटना की जानकारी होने पर आरोपी के छोटे भाई की सूचना पर नगरी पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गई।

वहीं घटना के बाद आरोपी मौके से भागकर बस स्टैण्ड पहुंच गया। जहां से आरोपी भागने की फिराक में था। सूचना पर नगरी पुलिस तत्काल बस स्टैण्ड पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी को पकड़कर थाना लाया। पूछताछ के बाद आरोपी धनेश्वर पटेल को धारा 103 बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया है।

### सड़क किनारे के वृक्षों का संरक्षण जरूरी

**मगरलोड।** विश्व पर्यावरण दिवस का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक पौधे लगाकर संरक्षण कर पर्यावरण संतुलन में सहभागिता निभानी है। सड़क किनारे लगे बहुमूल्य पेड़ों का संरक्षण बहुत जरूरी है क्योंकि मानव निजी उपयोग के लिए इन पेड़ों पर कुल्हाड़ी चला रहे हैं। ऐसे में संरक्षण के लिए इन पेड़ों को सफेद, लाल पेंट से चिन्हांकित किया जाए। इससे पता चल सके कि यह पेड़ सार्वजनिक और राहगीरों की छाया के लिए है। इन दिनों मगरलोड से नयापारा जाने वाले सड़क मार्ग में अतिक्रमण का ग्राफ बढ़ गया है। जहां सार्वजनिक पेड़ लगे हैं। उसे किसान अपने खेतों में मिलाकर पेड़ों को अपने कब्जे में ले रहे हैं जो बाद में इन पेड़ों पर कुल्हाड़ी चल सकती है और राहगीरों को छाया नहीं मिलेगी। करेली बड़ी से कुण्डेल मार्ग में बड़े बड़े पेड़, सड़क किनारे दोनों तरफ नर्सरी लगी है। यहां के कुछ लोग खेतों का चौड़ीकरण कर पेड़ को अपने एरिया में ले रहे है। इससे सार्वजनिक पेड़ निजी बन रहे हैं।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज




### परसापानी को पर्यटन क्षेत्र घोषित करने की मांग की

# पर्यटन मंडल अध्यक्ष का ब्राम्हण समाज ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



छत्तीसगढ़ शासन पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा का नगर के शिव चौक में ब्राम्हण समाज ने जोशीला स्वागत किया। गत दिनों रायपुर से धमतरी प्रवास पर कुछ देर के लिए शिव चौक में रूके। यहां समाजजनों ने आतिशबाजी कर फूलमालाओं से उनका स्वागत किया। इस दौरान नीलू शर्मा ने कहा कि आप सबके आशीर्वाद एवं छत्तीसगढ़वासियों की मेहनत से हम शासन में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं जिसमें धमतरी जिला भी अछूता नहीं है। निश्चित ही योजनाओं का लाभ जिले को मिलेगा। ब्राम्हण समाज के पूर्व जिला महासचिव ने नगरी ब्लाक के ग्राम परसापानी को पर्यटन क्षेत्र घोषित करने की मांग करते हुए कहा कि परसापानी में जदग्मनी ऋषि का पुराना आश्रम है। वहां पर कोटेश्वर महादेव का प्राचीन शिवलिंग है। भगवान परशुराम के गुरू महादेव हैं। आसपास के ग्रामीणों का कहना है कि यहीं पर शिवजी ने भगवान परशुराम को फरसा प्रदान किये थे। इसी कारण से इसका नाम परसापानी (फरसापानी) पड़ा। यहां पर सावन एवं महाशिवरात्रि में भव्य मेला लगता है।

स्वागत करने वालों में ब्राम्हण समाज के जिला अध्यक्ष राकेश दीवान, महासचिव विनोद पांडे, पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम मिश्रा, पूर्व महासचिव भूपेन्द्र मिश्रा, तहसील अध्यक्ष सूरज तिवारी, सहसचिव प्रदीप शर्मा, कोषाध्यक्ष राकेश तिवारी, सत्येन्द्र शर्मा, आशीष मिश्रा, राजेन्द्र शर्मा, महेन्द्र पंडित सहित भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस एवं भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी शशि पवार उपस्थित थे। यह जानकारी भूपेन्द्र मिश्रा ने दी।

